
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 80 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**जवानों की सुरक्षा पर राजनीति नहीं



देहरादून, शनिवार, 27 अप्रैल 2019

# पेज श्री



मौसम अधिकतम 38.0° न्यूनतम 19.0°

39067.33

2 टाटा स्टीलवर्कर्स की फैक्ट्री में धमाका

7 कांबली ने सचिन के लिए गाया गाना

# नामांकन में मोदी का 'एनडीए शो'

■प्रकाश सिंह बादल के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाराणसी। लोकसभा चुनाव 2019 के महासमर में वाराणसी सीट पर देशभर की निगाहें हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वाराणसी लोकसभा सीट पर नॉमिनेशन के पांचवें दिन कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल किया। कलेक्टर रूम में दाखिल होते ही उन्होंने सभी प्रस्तावकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने महिला प्रस्तावक अन्नपूर्णा शुक्ला के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मोदी ने इससे पूर्व बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया था। इसके बाद उन्होंने काशी के कोतवाल (काल भैरव) के दर्शन किए।

## नामांकन में शामिल होने के लिए काशी में लगा दिग्गजों का तांता



### मैं कार्यकर्ता के तौर पर आपको हिसाब देता हूं

मोदी ने कहा, सरकार बनाना जनता का काम है और सरकार चलाना हमारी जिम्मेदारी है। यह जिम्मेदारी मैंने पूरी ईमानदारी से निभाई है। आपको मैं कार्यकर्ता के तौर पर हिसाब देता हूं। कार्यकर्ता के नाते पार्टी ने पांच साल में मुझसे जितना समय मांगा, जहां मांगा मैंने एक बार भी मना नहीं किया। नरेंद्र मोदी ने कहा, इस चुनाव के दो पहलू हैं। एक है काशी लोकसभा जीतना, मेरे हिसाब से यह काम गुरुवार पूरा हो गया है। एक काम अभी बाकी है, वह है पोलिंग बूथ जीतना और एक भी पोलिंग बूथ पर बीजेपी का झंडा झुकने नहीं देना।

पूजा–अर्चना के बाद वह नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के दिग्गजों का पहले से तांता लगा हुआ था। कलेक्ट्रेट पहुंचे पीएम मोदी ने प्रकाश सिंह बादल के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और अन्य सभी नेताओं का अभिवादन किया। पीएम मोदी का नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने प्राप्त किया। इस बार वाराणसी के लोगों के सामने बतौर सांसद और प्रधानसेवक पीएम मोदी का कामकाज भी है।

**ये दिग्गज रहे मौजूद:** बीजेपी चीफ अमित शाह, शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान, चिराग पासवान, पलनिसामी, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, शिरोमणि अकाली दल के नेता प्रकाश सिंह बादल, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, डॉ. हर्षवर्धन सिंह, अनुप्रिया पटेल, सुषमा स्वराज, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, यूपी बीजेपी अध्यक्ष डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय समेत कई शीर्ष नेता नरेंद्र मोदी के नामांकन में शामिल हुए।

### विपक्ष पर मोदी का तंज

सीधी (मध्य प्रदेश)। मध्य प्रदेश के सीधी में एक चुनावी रैली के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर जमकर तंज कसा। पीएम ने कहा कि राशन के लिए कतार लगती है, ठीक उसी तरह पीएम बनने के लिए भी कई लोग कतार में खड़े हैं। पीएम ने यह भी कहा कि ये लोग टेलर से कपड़े भी सिलवा चुके हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए हमारी नीति बिल्कुल स्पष्ट है। यह नया भारत है। यह घर में घुसेगा भी और मारेगा भी। कांग्रेस पर बरसते हुए पीएम ने कहा, अब देश का हर चौकीदार जाग चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### अपूर्वा 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हाई प्रोफाइल रोहित शेखर तिवाली मर्डर केस में दिल्ली की एक अदालत ने उनकी पत्नी अपूर्वा शुक्ला को शुक्रवार को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मुख्य मेट्रोलिटन मजिस्ट्रेट दीपक सहरावत ने पुलिस द्वारा यह जानकारी दिए जाने के बाद कि अपूर्वा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत नहीं है, उसे जेल भेज दिया।

तिवारी की हत्या के आरोप में अपूर्वा को 26 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था।

### आप ने गंभीर के खिलाफ दर्ज कराया क्रिमिनल केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को दावा किया कि पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी गौतम गंभीर का नाम मतदाता सूची में दो बार दर्ज है। आप ने गंभीर के खिलाफ इस मामले में तीस हजारी अदालत में आपराधिक शिकायत दर्ज की है। कोर्ट में मामले की सुनवाई की तारीख 1 मई है। पूर्वी दिल्ली से आप की उम्मीदवार आतिशी ने कहा कि यह आपराधिक मामला है और गंभीर को तत्काल अयोग्य करार दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, हमने इस मामले में गंभीर के खिलाफ तीस हजारी अदालत में आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है।

### मशहूर पंजाबी सिंगर दलेर मेहंदी बीजेपी में हुए शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में सितारों के पार्टियों में जाने का सिलसिला जारी है। बीजेपी में हंसराज हंस के बाद एक और पंजाबी सिंगर की एंट्री हुई है। मशहूर पंजाबी गायक दलेर मेहंदी बीजेपी में शामिल हो गए हैं। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष मनोज तिवारी और केंद्रीय मंत्री विजय गोयल की मौजूदगी में उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली कार्यालय में औपचारिक रूप से बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। बता दें कि बीजेपी ने उदित राज का टिकट काटकर हंस को मौका दिया है। हाल ही में कई सिलेब्रिटी बीजेपी में शामिल हुए हैं।

## आईएनएस पर लगी आग,नौसेना के अधिकारी की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े विमानवाहक पोत आईएसएस विक्रमादित्य पर शुक्रवार को आग लगने से नौसेना के एक अफसर की मौत हो गई। आग उस समय लगी जब यह पोत कर्नाटक के कारवार बंदरगाह पहुंच रहा था। भारतीय नौसेना की ओर से बताया गया है कि लेफ्टिनेंट कमांडर डीएस चौहान के नेतृत्व में पोत पर लगी आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा था। क्रू के फौरन ऐक्शन की बदौलत पोत को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। हालांकि इस दौरान आग और धुएं के चलते लेफ्टिनेंट कमांडर अचेत हो गए। उन्हें नेवल हॉस्पिटल ले जाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

# लालू का अपमान नहीं सहेगा बिहार, मिलेगा जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बिहार में रैली के दौरान पीएम मोदी पर बरसे राहुल

समस्तीपुर। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार के समस्तीपुर में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का जिक्र करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने दो टूक कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार जिस तरीके से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और उनके परिवार का अपमान कर रही है, उन्हें चोट पहुंचा रही है, उसे बिहार की जनता कभी भूलेगी नहीं। राहुल ने कहा कि 2019 में बिहार की जनता इसका जवाब देगी और बखूबी देगी।

समस्तीपुर में महागठबंधन की संयुक्त रैली में राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी पर वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया। साथ ही यह दावा किया कि उनकी सरकार बनते ही सभी वादे पूरे कर दिए जाएंगे।

राहुल ने कहा, पीएम मोदी ने 15 लाख का वादा किया था, लेकिन एक रुपये नहीं मिले। उन्होंने 2 करोड़ रोजगार का वादा किया लेकिन आज देश में बेरोजगारी सबसे अधिक है। पर, आप विश्वास कीजिए, जैसे ही हमारी सरकार बनेगी हम अपने न्याय योजना से जादू कर देंगे।



हर गरीब परिवार के खाते में हर महीने सीधे 6 हजार रुपये हम भेजेंगे। साल के 72 हजार रुपये आपके खाते में हम जरूर डाल देंगे।

**हम गरीबी पर करेंगे सर्जिकल स्ट्राइक:** सर्जिकल स्ट्राइक के बहाने मोदी सरकार को घेरते हुए पीएम ने कहा, उन्होंने 5 साल में तो कुछ किया नहीं। हम गरीबी पर स्ट्राइक करेंगे और 5 साल के भीतर गरीबी को हिंदुस्तान से भगाकर रहेंगे।

### मोदीजी अमीरों के, हम गरीब और मजदूरों के

भगोड़े उद्योगपतियों का हवाला देते हुए भी राहुल ने पीएम मोदी को घेरा। राहुल ने कहा, श्नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, विजय माल्या अरबों लूटकर भाग जाते हैं। वे आराम से विदेश में घूम रहे हैं। चौकीदार को आपकी फिक्र नहीं है। उन्हें सिर्फ उन्हीं अमीर 15 लोगों के लिए काम करना है। तो ठीक है, मैं मोदीजी से कहता हूं कि आप उन 15 अमीर लोगों के लिए काम कीजिए लेकिन हम गरीब लोगों के लिए काम करेंगे। हम गरीब और मजदूर लोगों के साथ हैं।

# यासीन मलिक को करारा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद मुहैया कराने के आरोप में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद यासीन मलिक को जम्मू–कश्मीर हाई कोर्ट ने एक और झटका दिया है। यासीन ने 30 साल पुराने किडनैपिंग–मर्डर केस की सुनवाई श्रीनगर में ही करने की अर्जी दी थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। अब इस केस की सुनवाई दिल्ली की ही सीबीआई कोर्ट में चलेगी। सुनवाई शुरू करने की तारीख की अलग से घोषणा की जाएगी।

बता दें कि मलिक के खिलाफ सीबीआई ने मर्डर और अपहरण के कुछ मुकदमे दर्ज कर रखे हैं। ये मामले पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबिया सईद के 1989 में हुए अपहरण और 1990 में वायुसेना के चार कर्मियों की हत्या से संबंधित हैं।

**झटका**

दिल्ली में ही चलेगा 30 साल पुराना मर्डर–अपहरण केस



**यासीन मलिक को 22 फरवरी को किया था गिरफ्तार**

यासीन मलिक को तिहाड़ जेल की एक विशेष सुरक्षा सेल में रखा गया है। एनआईए ने यासीन को उनके घर से 22 फरवरी को गिरफ्तार किया था और तभी से वह जेल में हैं।

### महबूबा ने की रिहाई की मांग

मलिक ने 19 अप्रैल को सीने में दर्द की शिकायत की थी। उन्हें मेडिकल जांच के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा गया और नियमित जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें छुट्टी दे दी। उसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में हैं। महबूबा ने यासीन की रिहाई की मांग करते हुए कहा, श्यासीन मलिक सचमुच बीमार हैं और ऐसे में उन्हें जल्द रिहा कर देना चाहिए। जमात–ए–इस्लामी के अन्य सदस्यों को भी रिहा करना चाहिए। साध्वी प्रज्ञा जिन पर कई गंभीर आरोप हैं, उन्हें मुक्त कर दिया गया।

अलगाववादियों और आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद मुहैया कराने संबंधी मामले में एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए गए मलिक फिलहाल 24 मई तक न्यायिक हिरासत में हैं।

# नीरव मोदी को लंदन में नहीं मिली जमानत, 24 मई तक बढ़ी हिरासत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी को अभी लंदन की जेल में ही रहना होगा। वेस्टमिंस्टर कोर्ट ने उसे जमानत देने से इनकार कर दिया और पुलिस हिरासत 24 मई तक बढ़ा दी जब मामले की अगली सुनवाई होगी। इससे पहले 29 मार्च को भी कोर्ट ने उसकी जमानत की अपील खारिज कर दी थी। शुक्रवार को लंदन में नीरव मोदी की विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही कोर्ट में पेशी हुई थी। जज एम्मा अर्बथनॉट ने नीरव मोदी की जमानत याचिक पर दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनीं और पुलिस हिरासत बढ़ाने का फैसला सुनाया।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in